प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 05.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

...................

- विश्व पर्यावरण दिवस आज–प्रदेशभर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम–राज्यस्तरीय कार्यशाला जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में।
- फलौदी के खींचन और उदयपुर के मेनार आर्द्रभूमि को रामसर स्थलों की सूची में जोड़ा गया।
- राज्य में आज से वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान की शुरूआत–15 दिन तक जल संरक्षण और भू जल स्तर बढाने के प्रयास किये जायेंगे।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आंधी और बरसात का सिलसिला जारी।

...................

विश्व पर्यावरण दिवस आज मनाया जा रहा है। प्रकृति और पृथ्वी के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है –प्लास्टिक प्रदूषण को परास्त करना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। श्री मोदी एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाएंगे। यह सात सौ किलोमीटर की अरावली श्रृंखला का फिर से वनीकरण करने की पहल होगी। इसे अरावली हरित दीवार परियोजना नाम दिया गया है। इसका लक्ष्य राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और गुजरात के 29 जिलों में अरावली पहाड़ियों के आसपास 5 किलोमीटर का बफर जोन बनाना है। यहां हरित आवरण को बढ़ाने और जैव विविधता को बहाल करने के काम किये जायेंगे। साथ ही मिट्टी की उर्वरता में सुधार करने और जल निकायों को संरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश में भी कई आयोजन होंगे। राज्य स्तरीय कार्यशाला जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसमे शिरकत करेंगे। कार्यक्रम पर्यावरण से जुड़े प्रमुख विषयों जैसे प्लास्टिक कचरा, ई–कचरा, सर्कुलर इकोनॉमी, उत्सर्जन व्यापार और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन योजना पर केंद्रित रहेगा। मुख्यमंत्री इस दौरान ई–वेस्ट संग्रहण अभियान और पांच लवकुश वाटिकाओं का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही सांगानेर के सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र का लोकार्पण करेंगे।

...................

फलौदी के खीचन और उदयपुर के मेनार आर्द्रभूमि को रामसर स्थलों की सूची में जोड़ा गया है। इसके साथ ही भारत में रामसर स्थलों की संख्या 91 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण, मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पर्यावरण संरक्षण पर सरकार की ओर से ज्यादा ध्यान देने से हरित भविष्य के प्रयासों में सफलता मिल रही है। श्री यादव की पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में भारत की प्रगति बहुत तेजी से हो रही है और इसमें जन भागीदारी भी शामिल है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये इस खबर पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार व्यक्त किया है। **खीचन** गांव और मेनार को रामसर स्थल में शामिल करने पर प्रस्तुत है **।**

...................

फलौदी जिले का खीचन गांव की हवेलिया और नाडिया इसके समृद्धशाली इतिहास को बताती है। खीचन में पिछले सात दशक से हर साल लगभग 35 हजार साइबेरियन पक्षी कुरजा डेरा डालते है। यहां पर नीमली नाडी, रातडी नाडी, उन्नु नाडी, ढोलकी नाडी और दीपोलाई नाडी का निर्माण करवाया गया है। यहां की नक्काशीदार हवेलियां और कुरजा पक्षी की कलरव और पांच नाडिया गांव का गौरव बढा रही है। वहीं उदयपुर का मेनार पक्षी गांव के रूप में अपनी पहचान पहले ही बना चुका है। यहां पर दो झीले ब्रम्हा और धंध पर हर वर्ष प्रवासी पक्षियों की मेजबानी करती है। सर्दियों के मौसम में इन झीलों पर स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की डेढ सौ से ज्यादा प्रजातियां आती है।

इन झीलों को रामसर स्थल में शामिल करने के बाद यहां पर झीलों के संरक्षण के साथ ही जलीय पौधो को बढाने और जैव विविधता को संरक्षित करने के काम किये जायेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में अब रामसर साइट्स की संख्या चार हो गई है। भरतपुर जिले के केवलादेव उद्यान और जयपुर की सांभर झील पहले से

ही रामसर साईट्स में शामिल है।

...................

प्रदेश में आज से वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान की शुरूआत हो रही है। इसके माध्यम से प्रदेश में भूजल स्तर बढाने और जल संचयन के प्रमुख स्थलों को पुनर्जीवित करने की मुहिम चलाई जाएगी। 20 जून तक चलने वाले इस अभियान में लोगों को पानी बचाने और जल संग्रहण का संदेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से इस पहल से जुड़ने का आह्वान किया है। अभियान के पहले दिन आज प्रदेशभर में विभिन्न विभागों द्वारा नर्सरियों में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम, तुलसी पौध वितरण, प्लास्टिक का उपयोग कम करने की शपथ और श्रमदान के कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही जल स्रोतों की साफ–सफाई और मरम्मत की जायेगी। वंदे गंगा कलश यात्रा तथा जल स्त्रोतों का पूजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री जयपुर के जमवारामगढ़ पर वृक्षारोपण करेंगे। वहीं मोरी के पास रामगढ़ बांध पर श्रमदान करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री बूंदी के केशोरायपाटन में मुख्यमंत्री 'वंदे गंगा' जल पूजन, चुनरी महोत्सव और कलश पूजन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वे वहां जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के तहत बूंदी जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री शर्मा शाम को भरतपुर पहुंचेंगे जहां वे गंगा मंदिर में विशेष पूजा और सुजानगंगा में दीपदान भी करेंगे।

...................

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर आज देशभर में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। इस अवसर पर अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रथम तल पर राजा राम और अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

...................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते दो तीन दिन से जारी आंधी और बरसात का सिलसिला जारी है। आज भी कई स्थानों पर बादल छाये हुए है और हल्की बारिश हो रही है। राजधानी जयपुर और दौसा में कुछ इलाकों में सुबह रिमझिम बरसात हुई। बरसात से मौसम सुहावना हो गया है। कल भी बीकानेर, जयपुर, अजमेर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सो में गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुई। चूरू के सरदार शहर में तेज बरसात से कई स्थानों पर पानी भर गया। आंधी और बारिश से दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। चूरू में दिन का पारा 14 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस गिरकर 27 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया। वहीं सीकर में 12 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट हुई हैं। यहां रात का तापमान भी लगभग 10 डिग्री सैल्सियस कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज बीकानेर, जयपुर, कोटा, अजमेर, उदयपुर और भरतपुर संभाग में हल्की बारिश हो सकती है। कल से आंधी बारिश की गतिविधियों में कमी आने और तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी होने की संभावना है।

...................

संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। इससे पहले विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। नई दिल्ली में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सत्र 12 अगस्त तक चलेगा।

------

ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला संसद सत्र होगा।

...................

सीकर जिले के परडोली बडी गांव में खेत में बने तालाब मे डूबने से दो बच्चों की मृत्यु हो गई। ये दोनो बच्चे वहां नहाने गये थे। सिविल डिफेंस के सदस्यों ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर दोनो शव बाहर निकाले। वहीं पाली में दो अलग–अलग सड़क हादसो में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। पाली नेशनल हाईवे 162 चंडावल सांडिया रोड पर देर रात कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवको की मृत्यु हो गई। वहीं एक अन्य हादसे में गुडाएंदला के पास एक मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गई। इसे ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी थी।

...................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि तत्काल टिकट बुक करने के लिए शीघ्र ही ई–आधार प्रमाणीकरण का

उपयोग करना शुरू किया जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री वैष्णव ने कहा कि इससे वास्तविक उपयोगकर्ताओं को ज़रूरत के समय कन्फ़र्म टिकट लेने में सहायता मिलेगी।

………………